दिनांक 28.10.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ कार्य में विशेषज्ञ ठेकेदार को ही ठेका दिया जावे जोन आयुक्त निविदा की शर्तो में यह कंडिका डाले । निगम के परिसम्मति की जानकारी पंजी में सूचीबद्घ करें । पेयजल आपूर्ति हेतु बिछाये जा रहे पाईप के गढ्ढे का पाईप डाल कर तत्काल बंद करें । वेंडर जोन के लिए जोन स्तर पर स्थल चयन करें ।

आयुक्त के0एल0चौहान ने निगम के समस्त जोन आयुक्त एवं विभाग प्रमुखो के समीक्षा बैठक में कलेक्टर जनदर्शन, निगम जनदर्शन,समय सीमा के प्रकरण, निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य,राष्ट्रीय अजीविका मिशन,अतिक्रमण, पेयजल आपूर्ति,अमृत मिशन के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि यह देखा जा रहा है कि निगम के कार्यो का ठेका ऐसे एजेन्सी प्राप्त कर रहे है जिसके पास उस कार्य को करने का आवश्यक संसाधन अथवा विशेषज्ञ नही है । उन्होने जोन आयुक्तो से कहा कि निविदा शर्तो में इस बिन्दु का उल्लेख अनिर्वाय रूप से करे कि जो कार्य का ठेका दिया जा रहा है निविदा प्राप्तकर्ता के पास उस कार्य को करने हेतु आवश्यक संसाधन तथा कार्य के विशेषज्ञ हो । उन्होने आगे कहा कि सभी जोन में स्थित परि–सम्पत्ति की जानकारी एकत्र कर फोटो सहित पंजी में दर्ज करें । जोन आयुक्त अपने क्षेत्र के रिक्त भूमि की जानकारी एकत्र कर देवे ।

आयुक्त ने अमृत मिशन योजन के तहत चल रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्माण एजेन्सी से कहा कि पाईप लाईन बिछाने हेतु खोदे जा रहे गढढो को पाईप डाल कर तुरन्त बंद करें ताकि विशेष रूप से सडक किनारे तथा रिहायसी क्षेत्रो में इस बाद का घ्यान रखा जावे ताकि किसी भी प्रकार के दुर्घटना से बचा जा सकें । एजेन्सी के प्रतिनिधियों ने आयुक्त को जानकारी देते हुए बताया कि 66 एम0एल0डी फिल्टर प्लांट का निर्माण कार्य दुत गति स`चल रहा है जिसका मियाद नवम्बर 2018 तक है और कार्य निर्धारित समय में पुरा हो जाएगा । आयुक्त ने राष्ट्रीय अजीविका मिशन के तहत चल रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि स्व सहायता समुह द्वारा उत्पादित वस्तुओं के विक्रय को बढावा दिया जावें । जोन आयुक्त जोन स्तर पर वेण्डर जोन हेतु स्थल चयन कर सूची उपलब्ध करावें ताकि बेतरतीब रूप से व्यापार कर रहे फुटकर व्यापारियों को व्यवस्थित किया जा सकें ।

बैठक में सभी जोन आयुक्त एवं सभी विभागों के प्रमुख उपस्थित थें ।

जनसम्पर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम भिलाई